# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सीoईoएन o ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **केंद्रक और लवकों के अतिरिक्त, निम्नलिखित में से किस अंगक (organelle) में स्वंय का DNA होता है?**

Ans A). माइटोकॉन्ड्रिया B). लाइसोसोम C). राइबोसोम D). गॉल्जी उपकरण

**Correct Answer: A**

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म, श्रेणीक्रम में संयोजित प्रतिरोधकों की तुलना में, समांतर क्रम में संयोजित प्रतिरोधकों के लिए विशिष्ट है?**

Ans A). प्रत्येक प्रतिरोधक से समान विद्युत धारा प्रवाहित होती है B). सभी प्रतिरोधक सर्वसम होने चाहिए C). कुल प्रतिरोध, प्रतिरोधकों के योग के बराबर होता है D). प्रत्येक प्रतिरोधक को समान वोल्टता प्राप्त होती है

**Correct Answer: D**

**Q.3** **जब किसी उत्प्रेरक की उपस्थिति में ऐल्कीन में हाइड्रोजन ($H_2$) का योग किया जाता है, तो क्या होता है?**

Ans A). ऐल्कीन, ऐल्केन में रूपांतरित हो जाता है B). ऐल्कीन विघटित हो जाता है C). ऐल्कीन, ऐल्कोहॉल का निर्माण करता है D). ऐल्कीन प्रतिस्थापन से होकर गुजरता है

**Correct Answer: A**

**Q.4** **निम्नलिखित में से किस युग्म में, ग्रीक मूल अपने अर्थ से सुमेलित है?**

Ans A). क्रोमा (Chroma) - हरा B). ल्यूकोस (Leukos) - श्वेत C). प्रो (Pro) - सत्य D). कैरियोन (Karyon) - भित्ति

**Correct Answer: B**

**Q.5** **एक परिपथ आरेख में, एकाधिक एकांतर लंबी और छोटी रेखाओं वाले प्रतीक द्वारा निम्नलिखित में से किस घटक को सर्वोत्तम रूप से दर्शाया जाता है?**

Ans A). विद्युत बल्ब B). प्रतिरोध R वाला एक प्रतिरोधक C). एक विद्युत सेल D). एक बैटरी या सेलों का संयोजन

**Correct Answer: D**

**Q.6** **बेकिंग सोडा का उपयोग सामान्यतः अग्निशामक यंत्रों में किया जाता है क्योंकि यह गर्म होने पर एक विशिष्ट गैस मोचित करता है। कौन-सी गैस मोचित होती है और आग बुझाने में यह किस प्रकर सहायता करता है?**

Ans A). यह कार्बन डाइऑक्साइड मोचित करता है, जो ऑक्सीजन को विस्थापित करता है और दहन को रोकता है।
B). यह नाइट्रोजन मोचित करता है, जो जलती हुई पदार्थ को ठंडा करता है।
C). यह सल्फर डाइऑक्साइड मोचित करता है, जो ज्वाला के साथ अभिक्रिया करता है।
D). यह ऑक्सीजन मोचित करता है, जो आग को बुझा देता है और इसे फैलने से रोकता है।

**Correct Answer: A**

**Q.7** **0.5 kg द्रव्यमान का एक पत्थर 8 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा ________ होगी।**

Ans A). 32 J B). 128 J C). 16 J D). 64 J

**Correct Answer: C**

**Q.8** **यदि किसी सरल रेखा दूरी-समय ग्राफ पर दो बिंदुओं के बीच की दूरी 120 मीटर है और संगत काल अंतराल 4 सेकंड है, तो एकसमान चाल कितनी है?**

Ans A). 15 m/s B). 60 m/s C). 24 m/s D). 30 m/s

**Correct Answer: D**

**Q.9** **गोलीय लेंसों के लिए चिह्न-परिपाटी में वस्तु की दूरी किस प्रकार मापी जाती है?**

Ans A). इसे फोकस बिंदु से प्रतिबिंब की स्थिति की ओर मापा जाता है B). इसे प्रकाशिक केंद्र से प्रतिबिंब की स्थिति की ओर मापा जाता है C). इसे फोकस बिंदु से वस्तु की स्थिति की ओर मापा जाता है D). इसे प्रकाशिक केंद्र से वस्तु की स्थिति की ओर मापा जाता है

Correct Answer: D

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सामान्यतः कार्बन के अधिकांश सहसंयोजी यौगिकों से संबंधित नहीं है?**

Ans A). कार्बन अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ सहसंयोजी आबंध बनाता है B). वे विद्युत के सुचालक होते हैं C). उनके क्वथनांक निम्न होते हैं D). उनके गलनांक निम्न होते हैं

Correct Answer: B

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एकसमान वृत्तीय गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). वृत्तीय पथ पर विरामावस्था एक वस्तु B). एक वक्रित पथ के अनुदिश परिवर्ती चाल से गतिमान एक वस्तु C). एक सरल रेखा में नियत चाल से गतिमान एक वस्तु D). एक वृत्तीय पथ के अनुदिश नियत चाल से गतिमान एक वस्तु

Correct Answer: D

**Q.12** **जब एथेनॉइक अम्ल, एक अम्ल उत्प्रेरक की उपस्थिति में एथेनॉल के साथ अभिक्रिया करता है, तो किस प्रकार की अभिक्रिया होती है?**

Ans A). साबुनीकरण अभिक्रिया B). उदासीनीकरण अभिक्रिया C). एस्टरीकरण अभिक्रिया D). दहन अभिक्रिया

Correct Answer: C

**Q.13** **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, क्रमशः जैवनिम्नीकरणीय और अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थों को सही तरीके से निरूपित करता है?**

Ans A). कागज – प्लास्टिक B). प्लास्टिक – कपास C). धातु – खाद्य अपशिष्ट D). कांच – पत्तियां

Correct Answer: A

**Q.14** **एक विद्यार्थी से पूछा जाता है कि प्रातः काल के दौरान सौर पैनल कम दक्ष क्यों होते हैं। कौन-सा विद्युत चुम्बकीय गुणधर्म इस प्रेक्षण की व्याख्या करता है?**

Ans A). पृथ्वी के घूर्णन से तीव्रता में वृद्धि होती है B). निम्न कोण पर सूर्य का प्रकाश कम तीव्र होता है C). तरंगदैर्ध्य वितरण परिवर्तित हो जाता है D). वायु में प्रकाश की चाल कम हो जाती है

Correct Answer: B

**Q.15** **एक विद्यार्थी देखता है कि लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का आकार वस्तु के आकार का दोगुना है और वास्तविक है। लेंस के सापेक्ष वस्तु कहाँ रखी गई है?**

Ans A). F पर B). F और 2F के बीच C). 2F पर D). 2F और अनंत के बीच

Correct Answer: B

**Q.16** **दो नमूने: एक नमूने में जल में रहने वाले अविभेदित काय है, जबकि दूसरे नमूने में वास्तविक जड़ें, तने और पत्तियाँ हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उन्हें उनके वर्गों से सुमेलित करता है?**

Ans A). थैलोफाइटा और टेरिडोफाइटा B). ब्रयोफाइटा और थैलोफाइटा C). टेरिडोफाइटा और जिम्नोस्पर्म D). ब्रायोफाइटा और ऐन्जियोस्पर्म

Correct Answer: A

**Q.17** **थॉमसन के परमाणु के प्लम-पुडिंग मॉडल (plum-pudding model) में रेज़िन क्या दर्शाते हैं?**

Ans A). पूरे परमाणु में फैले न्यूट्रॉन B). परमाणु में विद्यमान प्रोटॉन और न्यूट्रॉन C). परमाणु की विभिन्न कक्षाओं में विद्यमान इलेक्ट्रॉन D). धनावेशित गोले में उपस्थित इलेक्ट्रॉन

Correct Answer: D

**Q.18** **निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक ऊर्जा का एक उदाहरण है?**

Ans A). भोजन में संग्रहीत ऊर्जा B). घूर्णी पहिए से प्राप्त ऊर्जा C). किसी खींचे हुए रबर बैंड से उत्पन्न ऊर्जा D). गतिशील वस्तुओं से प्राप्त ऊर्जा

Correct Answer: A

**Q.19** **दो द्रवों के लिए पृथक्कारी कीप (separating funnel) का उपयोग करने से पूर्व किस कारक पर विचार किया जाना चाहिए?**

Ans A). द्रवों के रंग भिन्न होने चाहिए B). द्रवों की गंध तेज होनी चाहिए C). द्रव अमिश्रणीय होने चाहिए D). दोनों द्रवों का क्वथनांक उच्च होना चाहिए

Correct Answer: C

**Q.20** **खाद्य जाल, पारिस्थितिकी तंत्र के स्थायित्व को बनाए रखने में सहायता करते हैं क्योंकि वे ___________।**

Ans A). ऊर्जा प्रवाह को रोकते हैं B). वैकल्पिक खाद्य स्रोत प्रदान करते हैं C). उपभोक्ताओं की संख्या में कमी करते हैं D). प्रतिस्पर्धा में वृद्धि करते हैं

Correct Answer: B

**Q.21** **जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड और जल बनाता है, तो मुख्य रूप से किस प्रकार की अभिक्रिया प्रदर्शित होती है?**

**Ans** A). द्वि-विस्थापन अभिक्रिया B). रेडॉक्स अभिक्रिया C). विस्थापन अभिक्रिया D). संयोजन अभिक्रिया

Correct Answer: A

**Q.22** **खाद्य श्रृंखला में, जैविक आवर्धन से शीर्ष-स्तरीय उपभोक्ता सर्वाधिक प्रभावित क्यों होते हैं?**

**Ans** A). वे खाद्य श्रृंखला के माध्यम से उच्चतम सांद्रता में आविष संचित करते हैं B). वे अन्यों की तुलना में अल्प मात्रा में खाद्य ग्रहण करते हैं C). वे प्राथमिक उत्पादक हैं और इस प्रकार आविष के संपर्क में आने वाले प्रथम होते हैं D). पारिस्थितिकी तंत्र में इनका जीवनकाल सबसे कम होता है

Correct Answer: A

**Q.23** **शरीर के ऊतकों के साथ गैसों और पोषक तत्वों के तीव्र विनिमय के लिए किस प्रकार की रुधिर वाहिका सबसे उपयुक्त है?**

**Ans** A). शिराएं B). केशिकाएं C). लसीका वाहिकाएं D). धमनियां

Correct Answer: B

**Q.24** **एक विज्ञान मेला परियोजना में गलियारे की निगरानी के लिए उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति दर्पण से विभिन्न दूरियों पर खड़ा है, तो उसकी स्थिति की उपेक्षा करते हुए, बनने वाले प्रतिबिंबों के संदर्भ में क्या नियत रहता है?**

**Ans** A). प्रतिबिंब सदैव आवर्धित और दर्पण के पीछे होते हैं B). प्रतिबिंब सदैव विवर्धित और वास्तविक होते हैं C). प्रतिबिंब सदैव छोटे और आभासी होते हैं D). प्रतिबिंब सदैव वास्तविक और उल्टे होते हैं

Correct Answer: C

**Q.25** **जब कैल्सियम, जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सी गैस विकसित होती है?**

**Ans** A). कार्बन डाइऑक्साइड B). नाइट्रोजन C). ऑक्सीजन D). हाइड्रोजन

Correct Answer: D

**Q.26** **एक परीक्षा में निम्नलिखित अंक दर्ज किए गए: 70, 85, 90, 90, 95, 100। यदि उच्चतम अंक (100) को हटा दिया जाए, तो नई माध्यिका क्या होगी?**

**Ans** A). 85 B). 95 C). 70 D). 90

Correct Answer: D

**Q.27** **75 m ऊँचाई वाले एक ऊर्ध्वाधर मीनार के शीर्ष से, एक इमारत के पाद का अवनमन कोण 60° है, और इमारत के शीर्ष का अवनमन कोण 30° है। यदि मीनार और इमारत की ऊँचाई का औसत एक खंभे की ऊँचाई के बराबर है, तो खंभे की ऊँचाई कितनी है?**

**Ans** A). 62.5 m B). 60 m C). 55.5 m D). 65 m

Correct Answer: A

**Q.28** **तीन संख्याओं का चतुर्थानुपाती 36 है। प्रथम दो संख्याएं 8 और 12 हैं। तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 18 B). 24 C). 28 D). 21

Correct Answer: B

**Q.29** **एक नल किसी टंकी को 10 घंटे में भर सकता है और दूसरा नल उसे 20 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल खोल दिए जाएं, तो टंकी भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?**

**Ans** A). 30 घंटे B). 15 घंटे C). 20 घंटे D). 18 घंटे

Correct Answer: C

**Q.30** **एक दुकानदार किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और फिर अंकित मूल्य पर 15% की छूट देता है। कुल लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 1% हानि B). 2% लाभ C). 4% हानि D). 4% लाभ

Correct Answer: B

**Q.31** **₹1,200 पर 6% मासिक ब्याज दर से 12 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 864 B). 92 C). 72 D). 144

Correct Answer: A

**Q.32** **एक डिपो से प्रत्येक 15 मिनट में बसें निकलती हैं और सीधे हाईवे पर 16 km/h की नियत चाल से चलती हैं। एक साइकिल सवार उसी हाईवे पर विपरीत दिशा से डिपो की ओर आ रहा है। वह देखता है कि बसें उसे प्रत्येक 12 मिनट के नियमित अंतराल पर पार करती हैं। यह मानते हुए कि दोनों एकसमान चाल बनाए रखते हैं, तो साइकिल सवार की चाल (km/h में) कितनी है?**

**Ans** A). 5 B). 6 C). 4 D). 7

Correct Answer: C

Q.33 6 m लंबी, 5 m ऊंची और $\frac{1}{2}$ m मोटी दीवार बनाने के लिए 7600 ईंटों की आवश्यकता है, जिनमें से प्रत्येक ईंट का माप $P\ cm \times 12.5\ cm \times 7.5\ cm$ है। यदि सीमेंट और रेत का मिश्रण दीवार के आयतन का $\frac{1}{20}$ भाग घेरता है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 27.5 B). 20 C). 22.5 D). 25

Correct Answer: B

Q.34 दो ट्रेनें समांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर चल रही हैं। पहली ट्रेन 430 मीटर लंबी है और 120 km/h की चाल से चल रही है। दूसरी ट्रेन 570 मीटर लंबी है और 85 km/h की चाल से चल रही है। जब दोनों ट्रेनें चलना शुरू करती हैं तो उनके बीच की दूरी 20 km होती है। ज्ञात कीजिए कि दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पूर्ण रूप से पार करने में कितना समय लगेगा (निकटतम सेकंड तक पूर्णांकित कीजिए)।

Ans A). 369 सेकंड B). 389 सेकंड C). 343 सेकंड D). 393 सेकंड

Correct Answer: A

Q.35 मीनार के विपरीत पक्षों पर स्थित दो बिंदुओं से टावर के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° और 60° है। यदि दोनों बिंदुओं के बीच की दूरी 54 m है, तो मीनार की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). $12.4\sqrt{3}\ m$ B). $14.6\sqrt{3}\ m$ C). $15.8\sqrt{3}\ m$ D). $13.5\sqrt{3}\ m$

Correct Answer: D

Q.36 30 विद्यार्थी प्रतिदिन 4 घंटे कार्य करके किसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो 80 विद्यार्थी प्रतिदिन 3 घंटे कार्य करके उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

Ans A). 6 दिन B). 4 दिन C). 8 दिन D). 5 दिन

Correct Answer: D

Q.37 चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 85% और 18% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 84% और 34% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 52% और 11% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 84%, 31% और 94% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans A). II B). III C). IV D). I

Correct Answer: C

Q.38 $(x + 3)^2$ निम्नलिखित में से किसके बराबर है?

Ans A). $x^2 + 3x + 9$ B). $x^2 + 6x + 3$ C). $x^2 + 6x + 9$ D). $x^2 + 9x + 6$

Correct Answer: C

Q.39 सुधा का व्यय उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसका व्यय 2% कम हो जाता है और बचत 22% बढ़ जाती है, तो उसकी आय कितने प्रतिशत बढ़ जाती है?

Ans A). 2% B). 3% C). 6% D). 1%

Correct Answer: C

Q.40 यदि ₹1800 को 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश किया जाता है जबकि ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो 1 वर्ष बाद मिश्रधन कितना होगा?

Ans A). ₹2178 B). ₹2659 C). ₹3012 D). ₹1974

Correct Answer: A

Q.41 दो घंटियाँ क्रमशः 9 मिनट और 10 मिनट के अंतराल पर बजती हैं। यदि वे सुबह 8:00 बजे एक साथ बजती हैं, तो अगली बार वे कितने मिनट बाद पुनः एक साथ बजेंगी?

Ans A). 60 मिनट B). 45 मिनट C). 90 मिनट D). 100 मिनट

Correct Answer: C

Q.42 13 cm, 14 cm, और 15 cm भुजाओं वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 94 $cm^2$ B). 84 $cm^2$ C). 104 $cm^2$ D). 114 $cm^2$

Correct Answer: B

Q.43 ₹2,000 की धनराशि 5% वार्षिक ब्याज दर पर 3 वर्षों के लिए निवेश की जाती है। चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20.25 B). 15.25 C). 5.25 D). 10.25

Correct Answer: B

Q.44 8 अंकों की संख्या 109A7760 को 16 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans A). 5 B). 2 C). 0 D). 4

Correct Answer: C

Q.45 वर्ष की शुरुआत में, किसी व्यवसाय में A ने ₹12,000 का निवेश तथा B ने ₹18,000 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, लाभ ₹15,000 है। लाभ में B का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8,000 B). 9,000 C). 6,000 D). 7,000

Correct Answer: B

**Q.46** आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 44.4 और 49.7 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans** A). 47.4 B). 46.2 C). 47.8 D). 47.7

**Correct Answer: B**

**Q.47** सप्ताह के पहले 3 दिनों का औसत तापमान 36° C था और उस सप्ताह का औसत तापमान 35° C था। तो उस सप्ताह के अंतिम 4 दिनों का औसत तापमान क्या था?

**Ans** A). 34.25° C B). 34° C C). 35° C D). 35.5° C

**Correct Answer: A**

**Q.48** किसी वृत्त के त्रिज्यखंड की त्रिज्या और क्षेत्रफल क्रमशः $54\ cm$ और $405\pi\ cm^2$ हैं। त्रिज्यखंड के संगत चाप की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $15\pi\ cm$ B). $810\pi\ cm$ C). $745\pi\ cm$ D). $876\pi\ cm$

**Correct Answer: A**

**Q.49** दिया गया रेखा आरेख वर्ष 2018 के पाँच अलग-अलग महीनों के दौरान दो विभिन्न शहरों, A और B, में पर्यटकों की संख्या (सैकड़ा में) को दर्शाता है।

रेखा आलेख का अध्ययन कीजिए और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




संदर्भ: **Number of tourists (in hundred)** - पर्यटकों की संख्या (सैकड़ा में), **City A** - शहर A, **City B** - शहर B,
**Jan** - जनवरी, **Feb** - फरवरी, **March** - मार्च, **Apr** - अप्रैल, **May** - मई

शहर A में फरवरी और मार्च में पर्यटकों की कुल संख्या तथा शहर B में उन्हीं महीनों में पर्यटकों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 55 : 38 B). 38 : 47 C). 59 : 65 D). 71 : 80

**Correct Answer: A**

**Q.50** यदि किसी संख्या में से 36 घटाया जाए, तो वह संख्या मूल संख्या की 90% रह जाती है। वह संख्या क्या है?

**Ans** A). 630 B). 840 C). 480 D). 360

**Correct Answer: D**

**Q.51** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) MILE HAED LEAP PEEK (दाएं)

बाईं ओर से पहले शब्द के तीसरे अक्षर और दाईं ओर से दूसरे शब्द के चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). चार B). तीन C). दो D). पांच

**Correct Answer: B**

**Q.52** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) K A M A L K I S H O R E K A P I L P O O M N A K A M I I N (दाएं)

श्रृंखला के दाएं छोर से सातवें अक्षर और बाएं छोर से पांचवें अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). आठ B). दस C). नौ D). ग्यारह

**Correct Answer: B**

**Q.53** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). KMP B). QSU C). HJL D). ACE

**Correct Answer: A**

**Q.54** B, D, E, P, S, T और W एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S के बाईं ओर से गिनने पर S और D के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। E और B के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। W, T के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T के दाईं ओर से गिनने पर E और T के बीच कितने लोग बैठे हैं?

**Ans** A). चार B). दो C). तीन D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.55** उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GK-DI-BE
KO-HM-FI

**Ans** A). PS-LR-JN B). OS-LQ-JM C). PS-LQ-JN D). OS-LQ-JN

**Correct Answer: B**

**Q.56** H, U की माता है। U, N की बहन है। M, K का पिता है। K, N का पति है। K का H से क्या संबंध है?

**Ans** A). भाई B). पिता C). पुत्री का पति D). पुत्री का पुत्र

**Correct Answer: C**

**Q.57** दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) B H J M N N A R A Y A N S H A M B H U G A Y I T R I M N T R (दाएं)

श्रृंखला के दाएं छोर से दसवें अक्षर और बाएँ छोर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). चौदह B). आठ C). एक भी नहीं D). दो

**Correct Answer: B**

**Q.58** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उसी प्रकार से, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, उसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए प्रश्न में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

4 – 10 – 21 – 35 ;
5 – 13 – 27 – 41

**Ans** A). 8 – 22 – 45 – 59 B). 6 – 16 – 33 – 49 C). 7 – 19 – 39 – 25 D). 10 – 28 – 56 – 70

**Correct Answer: A**

**Q.59** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 5 $ 7 £ £ 4 9 © $ © & 8 & $ 3 1 7 © 4 7 $ @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

**Ans** A). 5 B). 4 C). 3 D). 2

**Correct Answer: C**

**Q.60** A, C, E, G, K और L एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल को 1 के रूप में क्रमांकित किया गया है, उसके ठीक ऊपर वाले तल को 2 के रूप में क्रमांकित किया गया है और उसी प्रकार से, सबसे ऊपरी तल को 6 के रूप में क्रमांकित किया गया है। A सबसे ऊपरी तल पर रहता है। A और L के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। G, L के नीचे किसी एक तल पर रहता है। E एक सम संख्या के रूप में क्रमांकित तल पर रहता है। K एक विषम संख्या के रूप में क्रमांकित तल पर रहता है लेकिन वह तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। C और L के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). तीन B). दो C). एक D). चार

**Correct Answer: B**

**Q.61** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 8 का संबंध 256 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध 400 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे हैं?

**Ans** A). 529 B). 484 C). 676 D). 576

**Correct Answer: D**

**Q.62** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

199 ÷ 47 - 4 + 63 × 9 = ?

**Ans** A). 380 B). 382 C). 389 D). 386

**Correct Answer: A**

**Q.63** श्री नीत अपनी कक्षा में नीचे से 58वें स्थान पर और शीर्ष से 37वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans** A). 95 B). 91 C). 94 D). 93

**Correct Answer: C**

**Q.64** शब्द FRIEND के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस तरह बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, बाएं से तीसरा अक्षर कौन-सा होगा?

**Ans** A). Q B). H C). M D). E

**Correct Answer: D**

**Q.65** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
CRY FIN BUG ASK
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके अगले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को उसके पिछले अक्षर से बदल दिया जाता है।
परिणामी अक्षर-समूहों में से कितने में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans** A). तीन B). दो C). चार D). एक

**Correct Answer: B**

**Q.66** निम्नलिखित प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पांच वृक्षों N, O, R, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सा वृक्ष सबसे लंबा है?
(I) S, R से छोटा है।
(II) N, R से लंबा है।

**Ans** A). कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

**Correct Answer: C**

**Q.67** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कीवी, केले हैं।
सभी केले, सेब हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी कीवी, सेब हैं।
(II) कुछ सेब, केले हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: C**

**Q.68** नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DKO : FFK
BNR : DIN

**Ans** A). OSX : QNS B). MHL : OCH C). KHL : MBH D). CRW : CMR

**Correct Answer: B**

**Q.69** 45 विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। किरण बाएं छोर से 18वें स्थान पर तथा सिमरन दाएं छोर से 20वें स्थान पर है। किरण और सिमरन के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

**Ans** A). 7 B). 5 C). 8 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). KE – PQ B). QL – VW C). XS – CD D). MH – RS **Correct Answer: A**

**Q.71** शब्द NAMEBOARDS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

**Ans** A). B B). Z C). P D). Q **Correct Answer: D**

**Q.72** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

38 × 46 ÷ 46 + 14 − 19 = ?

**Ans** A). 44 B). 43 C). 45 D). 41 **Correct Answer: B**

**Q.73** निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : III :: MNO : %

**Ans** A). #=FGH, %= PPR B). #=FGH, %= PPS C). #=FGH, %= PPP D). #=FGH, %= PPQ **Correct Answer: C**

**Q.74** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

(14 ÷ 2) + (27 × 3) − 15 − 6 + 2 = ?

**Ans** A). 58 B). 31 C). 46 D). 38 **Correct Answer: D**

**Q.75** एक निश्चित कूट भाषा में, 'love in air' को 'ps vj uh' और 'poor air quality' को 'ct cs ps' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'air' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट दो अक्षरों के हैं)

**Ans** A). ct B). ps C). uh D). vj **Correct Answer: B**

**Q.76** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A ! B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D = O ! W + E ÷ R' हो, तो D का R से क्या संबंध है?

**Ans** A). भाई की पत्नी की बहन B). भाई की पत्नी का भाई C). भाई की पत्नी के पिता D). भाई की पत्नी की माता **Correct Answer: A**

**Q.77** A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
F, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी है। C, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
B के सापेक्ष F की स्थिति क्या है?

**Ans** A). बाईं ओर दूसरे स्थान पर B). दाईं ओर दूसरे स्थान पर C). ठीक दाईं ओर पड़ोस में D). बाईं ओर तीसरे स्थान पर **Correct Answer: C**

**Q.78** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

97, 80, 65, 52, 41, ?

**Ans** A). 28 B). 32 C). 29 D). 36 **Correct Answer: B**

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

HOD KSG NWJ QAM ?

**Ans** A). SFP B). TEP C). SDO D). UEQ **Correct Answer: B**

**Q.80** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CHIP' को '6318' के रूप में और 'PICK' को '8162' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' का कूट क्या होगा?

Ans A). 1 B). 6 C). 2 D). 3

Correct Answer: D

**Q.81** मई 2026 में जापान में संपन्न हुई किस चैंपियनशिप में, भारत ने अमर सिंह देवंदा द्वारा पुरुषों की श्रेणी में स्वर्ण पदक सहित कुल पांच पदक जीतकर इतिहास रच दिया था?

Ans A). एशियन एंड्योरेंस रनिंग चैंपियनशिप (Asian Endurance Running Championships)

B). वर्ल्ड अल्ट्रारनिंग चैंपियनशिप (World Ultrarunning Championships)

C). इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स 24-आवर एशिया एंड ओशिनिया चैंपियनशिप (International Association of Ultrarunners 24-Hour Asia and Oceania Championships)

D). एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप (Asian Athletics Championships)

Correct Answer: C

**Q.82** निम्नलिखित में से किस संस्थान के P-क्वेस्ट ग्रुप (P-Quest Group) ने नवंबर 2025 में भारत का पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप (QDM) विकसित किया?

Ans A). IIT बॉम्बे B). IIT दिल्ली C). IISc बेंगलुरु D). TIFR मुंबई

Correct Answer: A

**Q.83** भुवनेश्वर में आयोजित पहले इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स एंड पोल वॉल्ट कॉम्पिटिशन (Indian Indoor Open Combined Events and Pole Vault Competition) में पुरुषों का 5.41 m का राष्ट्रीय पोल वॉल्ट रिकॉर्ड किसने बनाया था?

Ans A). रीगन जी (Reegan G) B). कुलदीप कुमार (Kuldeep Kumar) C). शिव सुब्रमण्यम (Siva Subramani) D). देव कुमार मीणा (Dev Kumar Meena)

Correct Answer: B

**Q.84** जनवरी 2026 में, FIFA ने पहली बार आयोजित होने वाले महिला चैंपियंस कप (Women's Champions Cup) के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा की। चैंपियन को कितनी राशि प्रदान की जाएगी?

Ans A). $3.0M B). $1.5M C). $2.3M D). $4.0M

Correct Answer: C

**Q.85** 8वें क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स 2026 (8th Critics' Choice Awards 2026) में नीरज घायवान द्वारा निर्देशित और अकादमी पुरस्कारों में भारत की प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत की गई किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता?

Ans A). ऑल वी इमेजिन एज लाइट (All We Imagine as Light) B). धुरंधर (Dhurandhar) C). होमबाउंड (Homebound) D). ब्लैक वारंट (Black Warrant)

Correct Answer: C

**Q.86** 2035 के लिए भारत की अद्यतित जलवायु प्रतिबद्धता में कौन-सा उत्सर्जन-तीव्रता लक्ष्य शामिल है?

Ans A). 2005 के स्तर से GDP की उत्सर्जन तीव्रता में 47% की कमी करना B). वर्ष 2035 तक पूर्ण औद्योगिक विकार्बनन प्राप्त करना

C). देश भर में कृषि मेथेन उत्सर्जन में 75% की कटौती करना D). 2020 के स्तर से जीवाश्म ईंधन की खपत में 90% की कमी करना

Correct Answer: A

**Q.87** 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 के बीच, DRDO और भारतीय नौसेना ने किस स्वदेशी प्रणाली के चार इन-फ्लाइट रिलीज (four in-flight release) का सफल परीक्षण किया?

Ans A). आकाश-NG मिसाइल B). अस्त्र MK-II मिसाइल C). पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर D). एयर-ड्रॉपेबल कंटेनर (ADC-150)

Correct Answer: D

**Q.88** अनुतिन चर्नविराकुल (Anutin Charnvirakul), जिनकी भूमजइथाई पार्टी (Bhumjaithai Party) की चुनावी विजय के पश्चात मार्च 2026 में संसद द्वारा पुनः प्रधानमंत्री के रूप में पुनः पुष्टि (reconfirmed) की गई थी, किस दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश के प्रधानमंत्री बने?

Ans A). थाईलैंड B). वियतनाम C). मलेशिया D). इंडोनेशिया

Correct Answer: A

**Q.89** मई 2026 में, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) द्वारा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेशकों के लिए सरकारी योजनाओं, नीतियों, सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और विनियामक आवश्यकताओं की जानकारी प्रदान करने के लिए कौन-सा ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया?

Ans A). सेमीकंडक्टर कनेक्ट (Semiconductor Connect) B). इन्वेस्ट इंडिया सेमीकॉन (Invest India Semicon) C). इन्वेस्टर्स सपोर्ट (Investors Support)

D). डिजिटल सेमीकंडक्टर पोर्टल (Digital Semiconductor Portal)

Correct Answer: C

**Q.90** जनवरी 2026 में, किस राष्ट्रीय कार्यक्रम के अवसर पर पद्म पुरस्कारों की आधिकारिक घोषणा की गई थी?

Ans A). राष्ट्रीय एकता दिवस B). राष्ट्रीय नागरिक दिवस C). गणतंत्र दिवस D). संविधान दिवस

Correct Answer: C

**Q.91** **98वें अकादमी पुरस्कार 2026 में, किस अभिनेता ने फिल्म "सिनर्स (Sinners)" में अपने अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का पुरस्कार जीता, जो उनका पहला अकादमी पुरस्कार था?**

Ans A). टिमोथी चालमेट (Timothée Chalamet) B). लियोनार्डो डिकैप्रियो (Leonardo DiCaprio) C). वैगनर मौरा (Wagner Moura) D). माइकल बी. जॉर्डन (Michael B. Jordan)

Correct Answer: D

**Q.92** **मार्च 2026 में भुवनेश्वर में आयोजित पहली नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (National Indoor Athletics Championship) में, पुरुषों की 60-m स्पर्धा जीतने के दौरान गुरिंदरवीर सिंह ने कितना राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज किया?**

Ans A). 6.60 सेकंड B). 5.65 सेकंड C). 6.65 सेकंड D). 7.65 सेकंड

Correct Answer: A

**Q.93** **26 मई 2026 को, सर्वोच्च न्यायालय (सेव लाईफ फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य) ने निर्णय दिया कि ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल तक पहुंच, _________ के अंतर्गत प्राण के अधिकार का अभिन्न अंग है।**

Ans A). भारतीय संविधान के अनुच्छेद 11 B). भारतीय संविधान के अनुच्छेद 41 C). भारतीय संविधान के अनुच्छेद 31 D). भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21

Correct Answer: D

**Q.94** **राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 की थीम 'स्वयं को प्रज्वलित करें, विश्व को प्रभावित करें (Ignite the Self, Impact the World)' थी। यह दिवस किसकी जयंती को चिह्नित करता है?**

Ans A). स्वामी विवेकानंद B). नेताजी सुभाष चंद्र बोस C). श्री अरबिंदो D). रवींद्रनाथ टैगोर

Correct Answer: A

**Q.95** **वर्ष 2026 की नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, किस क्षेत्र को भारत के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में पहचाना गया था, जिससे लक्षित उत्सर्जन न्यूनीकरण रणनीतियों को बढ़ावा मिला?**

Ans A). परिवहन प्रणाली और रसद B). औद्योगिक विनिर्माण और प्रसंस्करण C). कोयला आधारित शक्ति संयंत्रों सहित ऊर्जा उत्पादन D). कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ

Correct Answer: C

**Q.96** **25 से 26 सितंबर, 2025 तक दूसरे शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) यंग ऑथर्स कॉन्फ्रेंस (Young Authors' Conference) की मेजबानी किस शहर ने की?**

Ans A). नई दिल्ली B). ताशकंद C). बीजिंग D). अस्ताना

Correct Answer: A

**Q.97** **PLFS वार्षिक रिपोर्ट 2025 (मार्च 2026 में जारी) के अनुसार, सामान्य स्थिति (ps + ss) दृष्टिकोण के अंतर्गत भारत में 15–29 वर्ष की आयु के युवाओं में बेरोजगारी दर कितनी थी?**

Ans A). 14.8% B). 9.9% C). 12.4% D). 7.9%

Correct Answer: B

**Q.98** **मई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, राजेश कुमार सिंह किस रक्षा संगठन के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं?**

Ans A). केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) C). भारतीय नौसेना (IN) D). भारतीय वायु सेना (IAF)

Correct Answer: B

**Q.99** **अप्रैल 2026 में, महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण किन दो राज्यों के बीच विवाद से संबंधित था?**

Ans A). गुजरात और महाराष्ट्र सिंचाई योजना B). तेलंगाना और कर्नाटक जलाशय उपयोग C). ओडिशा और छत्तीसगढ़ जल बंटवारा D). पंजाब और हरियाणा नहर आवंटन

Correct Answer: C

**Q.100** **केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में कितनी अटल टिंकरिंग लैब (Atal Tinkering Labs) स्थापित की जानी हैं?**

Ans A). 80,000 B). 70,000 C). 50,000 D). 60,000

Correct Answer: C

"